सार-समाचार

अटल आवासीय योजना के भूखण्डों की लॉटरी 21 को

अजमेर, (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की महत्वाकांक्षी एवं बहुप्रतीक्षित चाचियावास स्थित अटल आवासीय योजना के भूखण्डों का लॉटरी द्वारा आवंटन पूर्व निर्धारित 21 अगस्त को सांय 4 बजे जवाहर लाल नेहरु आयुर्विज्ञान महाविधालय, अजमेर के डॉ भीमराव अम्बेडकर सभागार में किया जायेगा। एडीए आयुक्त नित्या के ने बताया कि योजना में 176 विभिन्न श्रेणियों/आय वर्ग के भूखण्डों का आवंटन पूर्ण पारदर्शिता के साथ सार्वजनिक रुप से एन.आई.सी. द्वारा किया जायेगा। पूर्व में योजना में 191 भूखण्डों का लॉटरी द्वारा आवंटन किया जाना निर्धारित था, परन्तु कतिपय श्रेणियों में आरक्षित वर्ग की उप श्रेणियों में आवेदन प्राप्त नहीं होने से इन श्रेणियों के 15 भूखण्डों का आवंटन नीलामी द्वारा किया जायेगा। लॉटरी में 2530 प्रतिभागी आवेदकों की लॉटरी आयोजित होगी। जिसकी सूची प्राधिकरण के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है।

दो बहनों ने दिखाया मुक्केबाज़ी में दमखम

ब्यावर (निसं) जिले के खोडमल गांव में रहने वाली दो बहनों ने बॉक्सिंग के मैदान में दम खम दिखाते हुए रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया है। हाल ही में जीडी स्कूल बिजोरावास बहरोड मेंआयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता सीबीएसई राष्ट्रीय वेस्ट जॉन चैंपियनशिप 2025 में खोडमल निवासी रिटायर्ड थानेदार गोकुल सिंह की पोती व फौजी सुरेंद्र सिंह व हेमलता देवी की दोनों बेटियों दीपाली और भूमि ने शानदार प्रदर्शन कर सभी को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में दीपावली ने रजत पदक और भूमि ने कांस्य पदक जीते। दोनों बहनों ने यह लगातार दूसरी बार पदक जीते हैं। दीपाली ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन के लिए जगह बनाई है। राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के काकरेला गांव तहसील कनीना में 9 सितंबर से आयोजित होगी भूमि आर्मी पब्लिक स्कूल जयपुर में कक्षा 9वी और दीपाली अल्फा इंटरनेशनल स्कूल जयपुर में कक्षा 12वीं में अध्यनरत है।

संतान की सलामती के लिए महिलाओं ने रखा बछ बारस का व्रत

सरवाड़, (निसं)। शहर साहित उपखंड क्षेत्र में बुधवार को महिलाओं ने बछ बारस का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया वहीं शहर के पारीक मोहल्ला बस स्टैंड नाथ मोहल्ला क्षेत्र की महिलाओं ने गौ माता की पूजा अर्चना कर पुत्र के मंगल की कामना की और उसकी दीर्घ आयु के लिए पुत्रवती महिलाओं ने गाय व बछड़े की पूजा की वहीं महिलाओं ने व्रत रखा तथा गाय व बछड़े को हरा चारा व अनाज खिलाते हुए संतान की सलामती की कामना की गई वहीं द्वादशी के नाम से पहचाने जाने वाले इस पर्व के दिन लोगों ने गाय के दूध व इससे बनने वाली खाद्य सामठी का उपयोग नहीं किया तथा गेहूं के आटे के बजाए बाजरे के आटे की रोटी व अंकुरित दलहन का प्रयोग भोजन के रूप में किया मान्यता है कि इससे बच्चे के जीवन की रक्षा होती है।

महिलाओं ने मनाया बछ बारस पर्व

मसूदा,(निसं)। मसूदा उपखंड में बुधवार को महिलाओं की ओर से बछ बारस का पर्व मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने नए-नए परिधानों में सज-संवर कर गाय एवं बछड़े की पूजा अर्चना की तथा घर परिवार में खुशहाली की कामना की। मालूम हो कि भाद्रपद कृष्ण पक्ष की द्वादशी को हर वर्ष बछ बारस के रूप में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाई जाती है। इस दिन महिलाएं गाय और बछड़े की पूजा करती है। जबकि पुत्रवती स्त्रियां व्रत रखती हैं तथा पूजा अर्चना कर पुत्र की लंबी आयु और सुखी जीवन की कामना करती है। महिलाए मूंग, मोठ और बाजरा अंकुरित कर गाय और बछड़े को खिलाती है। मान्यता के अनुसार इस दिन गाय के दूध का उपयोग भी वर्जित माना गया है। शहर में शनिवार को यह पर्व उत्साह के साथ मनाया गया जिसके तहत महिलाओं को जगह-जगह सज धज कर गाय-बछड़े की पूजा करते देखा गया। गाय एवं बछड़े को वस्त्र ओढ़ाकर उनकी आरती उतारी गई तथा गौ माता से अपने पुत्रों की दीघार्यु की कामना की। बछ बारस के मौके पर भारती परिहार ने अपने पुत्र विहान की पूजा कर कर उसे लडडू खिलाया। शुक्रवार को गाय-बछडे की पूजा करने वालों में कस्बे की महिलाएं शामिल रही।

लहरिया महोत्सव मनाया

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। वैष्णव महिला मण्डल द्वारा आजाद नगर स्थित वैष्णव समाज भवन में लहरिया महोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। अध्यक्ष आशा वैष्णव ने बताया की नृत्य संगीत व सुमधुर भजनो के बिच आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कशिश चतुर्भुजा, द्वितीय मानवी टिलावत, तृतीय वैशाली सुरसुरानंदी रही। चिरमी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विमला लालतुरंगी, द्वितीय गीता दिवाकर, तृतीय शतरूपा चित्रानागा रही।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

■ अजमेर उत्तर ब्लॉक ए व बी द्वारा वैचारिक गोष्ठी का आयोजन

अजमेर, (कासं)। देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्ण राजीव गांधी की जयंती पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में पंचशील स्थित राजीव गांधी स्मारक पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजय जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच और प्रगतिशील विचारों के माध्यम से देश को आधुनिक दृष्टि दी और भारत को 21वीं सदी की सोच से जोड़ा, उन्होंने कहा कि राजीव गांधी लोकतंत्र में गहरी आस्था और सशक्तिकरण की भावना को साकार करते हुए पंचायती राज को मज़बूत किया तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण का सक्रिय भागीदार बनाया। पुष्पांजलि कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता ने कहा कि आने वाली पीढियों के लिए राजीव गांधी द्वारा प्रगति के नए मार्ग खोले और आज के भारत में भी उनके विचारों व कार्यों की अमिट छाप स्पष्ट दिखाई देती है। उनकी सोच और योगदान देश के दिलों में सदैव जीवित रहेंगे।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सुनील लारा, प्रताप सिंह यादव, विपिन बेसिल, अशोक बिन्दल, हितेश्वरी टांक, राज नारायण आसोपा, गीता गुर्जर, मीनाक्षी यादव, प्रहलाद माथुर, कैलाश कोमल, भोमराज गुर्जर, नीरज यादव, शंकर गुर्जर, मुकेश राठौर, अहमद हुसैन, भारत सिंह राणा, अंकित घारू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बताएं मार्गों पर चलने का संकल्प लिया।

राजीव गांधी स्मारक एवं उद्यान दुर्दशा सुधारने की मांग: अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिवकुमार बंसल ने जिला कलेक्टर अजमेर को पत्र लिखकर सराधना आर ओ बी के नीचे 2003 में राजीव गांधी स्मारक एवं उद्यान का निर्माण किया गया था। जिसकी रखरखाव के अभाव में दुर्दशा हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से राजीव गांधी स्मारक एवं उद्यान के रखरखाव का आग्रह किया है।

वैचारिक गोष्ठी का आयोजन: कांग्रेस कमेटी अजमेर उत्तर ब्लॉक ए व बी तथा दक्षिण ब्लॉक ए व बी की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के मौके पर सराधना रोड स्थित राजीव उद्यान में पुष्पांजलि कार्यक्रम और विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व पुष्प चढ़ाकर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव कैलाश झालीवाल, नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली, शहर कांग्रेस महासचिव पार्षद नौरत गुर्जर, अजमेर उत्तर के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल व वाहिद मोहम्मद, अजमेर दक्षिण के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चंदन सिंह व लक्ष्मी धोलखेडिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वर्गीय राजीव गांधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्म दिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

आदर्श सिंधी पंचायत का चालीहा महोत्सव

■ आदर्श सिंधी पंचायत के महासचिव लालभाई नाथानी ने बताया कि चालीहो महोत्सव 40 दिन तक मनाया जाएगा

अजमेर, (कासं)। आदर्श नगर आदर्श सिंधी पंचायत और प्रेम प्रकाश आश्रम के संयुक्त तत्वाधान में पूज्य झूलेलाल चालीहो महोत्सव के 35वें दिन बुधवार को पूज्य बहराना साहब व भंडारे का आयोजन किया गया।

आदर्श सिंधी पंचायत के महासचिव लालभाई नाथानी ने बताया कि चालीहो महोत्सव 40 दिन तक मनाया जाएगा, समापन 25 अगस्त को आनासागर जेटी पर धार्मिक आयोजन के साथ होगा। बुधवार को महोत्सव के 35वें दिन प्रेम प्रकाश आश्रम में पूज्य बहराना साहब और पंचायत के धर्म प्रेमी बंधुओ के लिए भंडारे का आयोजन हुआ। सचिव महेश ईसरानी ने बताया कि चालीहो महोत्सव कार्यक्रम पिछले 10 वर्षों से लगातार प्रेम प्रकाश आश्रम में मनाया जा रहा है। आदर्श सिंधी पंचायत के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। पंचायत की महिला सदस्यों द्वारा भजनों और गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर दादा गिरधारी लाल, पंचायत अध्यक्ष गुरबख्श मीरानी, समाजसेवी कवल प्रकाश किशनानी, भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र तीर्थानी, सिंधु समिति के अध्यक्ष जयकिशन लखियानी, हरकिशन टेकचंदानी, नरेंद्र बसरानी, चंद्र कुमार बुलचंदानी, दिलीप बुलचंदानी सहित गुडगांव और अहमदाबाद से आए हुए सिंधी समाज के मेहमानों ने अपने विचार रखे। अंत में महाआरती, पल्लव पश्चात आदर्श सिंधी पंचायत द्वारा धर्म प्रेमी संगत के लिए मंदिर प्रांगण में ही भंडारे का आयोजन किया।

नसीराबाद में झूलेलाल साईं का चलिए महोत्सव धूमधाम से जारी

■ 35वें दिन प्रताप राय टहलवानी के घर पर ज्योत प्रज्वलित, पंजड़े गाकर भक्त हुए भावविभोर

नसीराबाद, (निसं)। शहर में पूज्य सिंधी पंचायत बहराना मंडली की ओर से नसीराबाद में आयोजित झूलेलाल साईं का चलिए महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार को महोत्सव के 35वें दिन कपड़े व्यापार से जुड़े प्रताप राय टहलवानी के निवास पर झूलेलाल साईं की ज्योत प्रज्वलित कर पंजड़े गए।

इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत बहराना मंडली सहित बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भक्तों ने पंजड़े गाकर झूलेलाल साईं की महिमा का गुणगान किया और सामूहिक आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि महोत्सव का समापन 24 अगस्त को किया जाएगा।

आदतन अपराधी जिले से तड़ीपार

भीलवाड़ा। जिले में आदतन अपराधियो के विरूद्ध " राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 " के तहत कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देशो पर गंगापुर थाने से स्थानीय निवासी आदतन अपराधी यासीन खां उर्फ टीपु पिता सिराज खां पठान उम्र 32 साल निवासी वार्ड न0 16 बैगनपुरा थाना गंगापुर को जुआ सटटा खेलने के 5 किमीनल प्रकरणो में न्यायालय से सजायापता होने से थानाधिकारी द्वार इसके विरूद्ध रेकॉर्ड संकलित कर इस्तगासा उचित माध्यम से अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) भीलवाडा के न्यायालय में पेश किया था।

नसीराबाद में फोटोग्राफरों ने मनाया विश्व फोटोग्राफर डे

नसीराबाद, ,(निसं)। नगर के फोटोग्राफर और मूवी मेकर समुदाय ने मंगलवार देर शाम विश्व फोटोग्राफर डे उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें फोटोग्राफरों की एकजुटता और आने वाली रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नसीराबाद शहर में जल्द ही फोटोग्राफरों की एकता स्पष्ट रूप से दिखाई देगी। साथ ही छोटे-बड़े सभी फोटोग्राफर और मूवी मेकर एक ही प्लेटफॉर्म पर आकर समान दामों के दायरे में कार्य करेंगे, जिससे व्यापार में पारदर्शिता और मजबूती आएगी। बैठक के दौरान यह भी तय हुआ कि 31 अगस्त को एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में चुनाव कर संगठन की मुख्य कार्यकारिणी गठित की जाएगी। साथ ही फीस, रेट और अन्य आर्थिक बिंदुओं पर भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा। फोटोग्राफर समुदाय ने विश्वास जताया कि इस पहल से न केवल फोटोग्राफी व्यवसाय को नई दिशा मिलेगी।

नई कार्यकारिणी घोषित क्षेत्र के विकास पर हुआ मंथन

भीलवाड़ा। भूत बावजी सेवा संस्थान संजय कॉलोनी की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार, 19 अगस्त 2025 को शाम 8 बजे भूत बावजी धार्मिक स्थल पर आयोजित हुई। इस बैठक में भूत बावजी क्षेत्र की विकास और नवीनीकरण योजनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया, ताकि जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके। बैठक का मुख्य आकर्षण भूत बावजी सेवा संस्थान की नई कार्यकारिणी की घोषणा रही।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कायड़ योजना के आवासीय/व्यावसायिक खसरा संख्या 3074, भूखण्ड संख्या 14 क्षेत्रफल 175 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री राजकुमार रावत पुत्र श्री लक्खीराम जी निवासी अजमेर एवं श्रीमती रश्मि पत्नि श्री राजकुमार रावत निवासी अजमेर में से श्रीमती रश्मि की मृत्यु दिनांक 11/02/2012 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः श्री राजकुमार पुत्र श्री लक्खीराम जी निवासी अजमेर, विवेक पुत्र श्री राजकुमार रावत निवासी अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। - योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक-902 जाहिर आम सूचना दिनांक-05-08-25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1-ख-3, शास्त्री नगर, अजमेर क्षेत्रफल 220.00 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री वी.एस. सक्सैना पुत्र स्व. श्री अमर सहाय सक्सैना को आवटित कर आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री वी.एस. सक्सैना पुत्र स्व. श्री अमर सहाय सक्सैना द्वारा दिनांक 17.11.1973 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। पंजीयन पश्चात् श्री वी.एस. सक्सैना पुत्र स्व. श्री अमर सहाय सक्सैना द्वारा आवास का बैचान श्रीमती शान्ति देवी बंसल पत्नि श्री शिव प्रसाद बंसल को दिनांक 28.10.1993 को कर दिय गया। श्रीमती शान्ति देवी बंसल पत्नि श्री शिव प्रसाद बंसल द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 17.01.1995 को एक वसीयतनामा निष्पादित किया गया। जिसमें आवास संख्या 1-ख-3, शास्त्री नगर, अजमेर को मृत्यु के पश्चात् श्री शिव प्रसाद बंसल (पति) को मालिकाना हक प्राप्त होवें, लिखा गया है। श्रीमती शान्ति देवी बंसल पत्नि श्री शिव प्रसाद बंसल की मृत्यु दिनांक 23.05.1995 को हो जाने के कारण श्री शिव प्रसाद बंसल पुत्र स्व. श्री भुजालाल बंसल द्वारा आवास का बैचान श्री सुरेश चन्द मित्तल पुत्र स्व. श्री विशाल सिंह मित्तल को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 1392 में पृष्ठ संख्या 134 क्रम संख्या 734 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 2571 के पृष्ठ संख्या 166 से 171 पर दिनांक 07.03.2000 को चस्पा किया गया है।अब श्री सुरेश चन्द मित्तल पुत्र स्व. श्री विशाल सिंह मित्तल ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय पैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री सुरेश चन्द मित्तल पुत्र स्व. श्री विशाल सिंह मित्तल का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। -सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड-अजमेर

अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन में रक्तवीरों का राष्ट्रीय स्तर पर किया सम्मान

■ जिन्होंने 50 बार से ज्यादा अपने रक्त का दान कर रोगियों के जीवनदान में सहयोग किया।

अजमेर, (कासं)। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा स्थापना दिवस के उपलक्ष में अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में देशभर के ऐसे रक्तदानदाताओं का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान किया जिन्होंने 50 बार से ज्यादा अपने रक्त का दान कर रोगियों के जीवनदान में सहयोग किया।

सम्मान समारोह में अजमेर से लायंस क्लब अजमेर आस्था के अध्यक्ष लायन मुकेश कर्णावट ने 72 बार एवं क्लब के माध्यम से हर तीन माह में रक्त देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता तोपदड़ा निवासी धीरज गोयल 121 बार रक्तदान करने पर सम्मानित किया गया। क्लब के जनसंपर्क अधिकारी लायन अतुल पाटनी ने बताया कि देहली की होटल द अशोका के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला एवं विशिष्ठ अतिथि लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता एवं विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के आथित्य में माल्यार्पण, श्रीफल व शाल ओढ़ाया एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना की।

महिलाओं ने परम्परागत तरीके से मनाया बच्छ बारस का पर्व

■ गाय व बछड़े की पूजा कर की पुत्र की लंबी उम्र की कामना

अजमेर, (कासं)। शहर सहित जिलेभर में बुधवार को महिलाओं ने बच्छ बारस का पर्व व्रत उपवास रख कर गाय व बछड़े की पूजा कर पुत्र की दीर्घायु और घर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने कहानियां सुनी तथा चाकू से कटे व अन्न का त्याग किया (केवल मक्का, चना, मूंग, मोठ) आदि खाद्य पदार्थ काम लिए।

बच्छ बारस के मौके पर महिलाएं पूजा सामग्री की थाली हाथ में लिए नए परिधानों से सज धज कर गाय व बछड़े को चना, मुंग, मोठ, मक्का, दही खिला वस्त्र ओढ़ाकर पूजा अर्चना की। गाय के पूंछ को सिर पर लगाकर महिलाओं ने गाय बछड़े की परिक्रमा कर पुत्र दीर्घायु की कामना की।

महिलाओं ने मक्का, बाजरा की रोटी मूंग मोठ व चना बनाकर खाया। पौराणिक रीति रिवाजों के चलते चाकू का कटा हुआ खाने से परहेज रखा।

गाय व बछड़े का पूजन:गौ पालकों दी दक्षिणा: बच्छ बारस पर शहर में जगह-जगह महिलाएं सुबह से गाय व बछड़े की पूजा करती दिखाई दी। महिलाएं सज-धजकर पूजा थाल हाथ में लिए समूह में पूजा करने जाती दिखाई दी। गीत गाते हुए पूजा करने पहुंची महिलाओं ने पूजा के बाद समूह में बैठकर कहानियां सुनी। पंडित पवन शर्मा ने बताया महिलाओं ने बच्छ बारस पर गाय व बछड़े की पूजा कर गोपालक को अन्न व वस्त्र दक्षिणा स्वरूप भेंट किए। गाय व बछड़े को गुड़ व लपसी खिलाई, शहर क्षेत्र में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने गाय को हरा चारा खिलाया।

आम सूचना

मेरी पत्नी भंवरी जाति गुर्जर निवासी बडगांव तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 3 जून 1998 को मेरे निवास स्थान पर हो गया, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे। प्रार्थी भंवरा पुत्र नन्दा

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र के स्कूल दस्तावेजों में उसका नाम SAGAR व माता का नाम LAXMI दर्ज है जो गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम SAGAR PATHARIYA व माता का LALITA DEVI है। स्कूल दस्तावेजो में मेरे पुत्र व उसकी माता का सही व वास्तविक नाम दर्ज करें। -कुन्दन मल,म.न.1398 लोधा मौहल्ला नसीराबाद

NAME CHANGE

I Tarawanti Mother's of Army No.18014461K, Spr, Krishan Kumar Residing at Gusaiana, Sirsa, Haryana 125110 have change my name from Tara Pati to Tarawanti at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I LATA KATARIA, W/o Gautam Katariya, 44 Mahaveer Colony, Ajmer, state that my earlier name LATA KATARIYA (OLD) and LATA KATARIA are of the same person. Hereafter, I shall be know as LATA KATARIA only for all purpose.

NAME CHANGE

I UMRAO KOTHARI, W/o RAMESH CHAND KOTHARI, 149 BK Kaul Nagar, Ajmer state that my earlier name UMRAO DEVI KOTHARI (OLD) and UMRAO KOTHARI are the same person. Hereafter, I shall be known as UMRAO KOTHARI only for all purpose.

महिलाओं ने की गाय व बछड़े की पूजा

भीलवाड़ा। शहर में बुधवार को बच्छ बारस पर्व श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। श्री पशुपतिनाथ महादेव गौशाला के अध्यक्ष हरिभोजा गुर्जर ने बताया कि महिलाओं द्वारा पुत्र की दीर्घायु और परिवार की सुख समृद्धि की कामना को लेकर गाय और बछड़े की पूजा अर्चना की।

विशाल आक्रोश रैली में होंगें सम्मिलित

ब्यावर (निसं) राजस्थान चीता मेहरात हिंदू मगरा मेरवाड़ा महासभा द्वारा आयोजित 22 अगस्त, शुक्रवार होने वाली विशाल आक्रोश रैली में अधिक से अधिक सर्व हिन्दू समाज को आव्हान करने के लिए सभी कार्यकर्ताओ और पदाधिकारीयो द्वारा गांव गांव जाकर संपर्क किया जा रहा है।मंगलवार को महासभा संरक्षक दुर्गा सिंह चौहान, पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेम सिंह चौहान महासभा अध्यक्ष राम सिंह बूटीवास, ब्यावर परियोजना सहप्रमुख पृथ्वी सिंह भोजपुरा, पूरन सिंह रावत राजियावास, क्षित्रय रावत राजपूत परिषद प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह रावत, अभिषेक सिंह चौहान शिवपुरा, सूरज प्रताप सिंह राजियावास, विजय सिंह मुंडोती, रविन्द्र प्रताप सिंह नून्दरी मालदेव सहित आदि मौजूद रहे।

महिलाओं ने मनाया बछ बारस पर्व

नसीराबाद, (निसं)। नसीराबाद उपखण्ड में परंपरागत उत्साह और आस्था के साथ बछ बारस पर्व मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से गौ माता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की।

सुबह से ही महिलाओं ने व्रत रखकर पूजा की तैयारियां कीं। घर-घर में विशेष व्यंजन जैसे मोठ, चना की सब्जी, मक्की व बाजरे की रोटी तथा दही तैयार किए गए। बाद में इन पकवानों का गाय को भोग लगाया गया।

इसके बाद महिलाएं एकत्र होकर सामूहिक रूप से गाय की पूजा करने पहुंचीं।

भीलवाड़ा में जानलेवा हमला करके घायल

भीलवाड़ा। जिस व्यक्ति को पीटा गया, जो व्यक्ति घायल होकर अस्पताल पहुंच गया है। उसे बिजली निगम ने सस्पेंड कर दिया। ये हैरान कर देने वाला मामला भीलवाड़ा के बिजली निगम में सामने आया है। निगम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ के कार्यकर्ता प्रदर्शन करने लगे। उन्होंने बताया कि पीड़ित नरेश कुमारी जोशी (तकनीशियन) पर लाइनमैन हरीश कुमार सुवालका ने जानलेवा हमला करके घायल कर दिया था। यहां तक कि अन्य साथियों को उसे अस्पताल ले जाना पड़ा था। इसके बाद निगम की ओर से जांच की गई जिसमें हरीश कुमार सुवालका के साथ ही ।

1500 वां जश्न ए ईद मिलादुन्नबी

■ आतिश बाजी और डीजे की गाडियो पर रहेगा प्रतिबंध

■ जुलूस में रहेगी माकूल व्यवस्थाएं- गजेंद्र सिंह राठौड़

अजमेर, (कासं)। मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव जश्न ईद मिलादुन्नबी जुलूस को लेकर बुधवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) गजेंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में प्रशासनिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में राठौड़ ने निर्देश दिए कि जुलूस के दौरान डीजे की गाडियो को शामिल करने ओर आतिश बाज़ी पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी, उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जुलूस से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं।

जश्न ईद मिलादुन्नबी जुलूस को लेकर सूफी इंटरनेशनल के सचिव नवाब हिदायत उल्ला ने कार्यक्रम की जानकारी दी। जुलूस चांद दिखाई देने पर 5 सितंबर को प्रातः 9 बजे दरगाह के अंदरकोट से प्रारंभ होगा। त्रिपोलिया गेट से कमानी गेट होता हुआ दरगाह बाजार, देहली गेट, गंज से ऋषि घटी बाइपास पहुंचेगा, यहां सलातो सालम पेश कर देश में अमन चैन की दुआ की जाएगी। जुलूस में व्यवस्था बनाने के लिए 1500 स्वयं सेवक तैनात रहेंगे, जिसकी सूची प्रशासन को भी उपलब्ध कराई जाएगी। राठौड़ ने कहा कि जुलूस के दौरान शांति सदभाव बना रहे। इस के लिए आयोजन से जुड़ी संस्थाए विशेष ध्यान रखें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड़ ने कहा कि जुलूस के दौरान सुरक्षा बलों की तैनाती रहेगी। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था का विशेष इंतेज़ाम रहेगा ताकि आमजन को जुलूस के दौरान आवागमन में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

बैठक दरगाह नाजिम मोहम्मद बिलाल खान, ट्रैफिक उप अधीक्षक आयुष वशिष्ठ, नगर निगम के नरसिंह चौधरी, स्वास्थ्य अधिकरी पृथ्वी सिंह जोधा, अंजुमन के सदस्य एहतेशाम चिश्ती, काज़ी मुनव्वर अली, सहायक नाजिम डॉ.मोहम्मद आदिल, अब्दुल नईम खान, पंचायत अंदरकोटियांन के सचिव नवाब शफीक, सलमान खान सहित जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग, पीडब्लूडी, टाटा पावर, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत कडैल पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण (अजमेर)

क्रमांक-GPK/पट्टा आपत्ति नोटिस 2025-26/110 आपत्ति नोटिस दिनांक-20.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कडैल क्षेत्र में निवास कर रहे परिवारों से आवासीय एवं डी.एल.सी. दर पर पट्टा बनवाने हेतु निम्नलिखित आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। इनके पात्र होने पर आवासीय एवं डी.एल.सी. दर पर भू-खण्डों/मकानों के पट्टे जारी किये जायेंगे। इस हेतु यदि किसी व्यक्ति/संस्था/ राजस्व विभाग या अन्य किसी को भी किसी प्रकार की कोई आपत्ति एवं एतराज हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर मय आपत्ति दस्तावेज सहित जैसे-उस स्थान का पूर्व में कोई पट्टा जारी हो, स्वामित्व से सम्बंधित कोई विवाद हो, अन्य किसी प्रकार की कोई आपत्ति ही तो कार्यालय ग्राम पंचायत कडैल में स्वयं मय दस्तावेज उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे। इस निर्धारित समय अवधि के पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति पर कोई विचार-विमर्श नहीं किया जायेगा एवं निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर राजस्थान पंचायतीराज के नियमानुसार पात्रता पाये जाने पर पट्टे जारी कर दिये जायेंगे।

नोट-पट्टा आवेदन सूची संलग्न है

कार्यालय ग्राम पंचायत कडैल पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण (अजमेर)

क्र.सं.	आवेदक का नाम मय पिता/पति	ग्राम	ग्राम पंचायत	दिशा एवं पडौसी				क्षेत्रफल
				उत्तर	दक्षिण	पूर्व	पश्चिम	
1	लक्ष्मी / शिवराज पूरी	इंगरिया कला	कडैल	रास्ता व खुला चौक	चंदा देवी/उमेश कुमार की सम्पति	हनुमान दास की सम्पति	आम रास्ता	291.66
2	पतासी देवी / मोती लाल रेगर	इंगरिया खुर्द	कडैल	पांचू,विशन,